सत्यमेव जयते

भारत सरकार

परिणाम बजट

2011 - 2012

जल संसाधन मंत्रालय

विषय सूची

अध्याय/पैरा सं.	पहलू	पृष्ठ
	कार्यकारी सार	1-3
I	मंत्रालय/विभाग के कार्यों, संगठनात्मक ढांचे के संबंध में संक्षिप्त परिचयात्मक टिप्पण, मंत्रालय/विभाग द्वारा क्रियान्वित किए गए प्रमुख कार्यक्रम/स्कीमों की सूची, इसका अधिदेश, लक्ष्य और नीतिगत ढांचा	4-8
I I	परिव्यय और परिणामों/लक्ष्यों का विवरण : वार्षिक योजना 2011-2012	9-22
III	सुधारात्मक उपाय और नीतिगत प्रयास	23
IV	विगत निष्पादन की समीक्षा	24
V	समग्र वित्तीय समीक्षा	25-33
	वित्तीय वर्ष 2010-11 में व्यय का रूझान	
	बजट एक झलक	
	उपयोगिता प्रमाणपत्र	
VI	सांविधिक/स्वायत्त संगठनों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के कार्य निष्पादन की समीक्षा	34-36
	सांविधिक निकाय:	
6.1.1-6.1.7	ब्रह्मपुत्र बोर्ड	34-35
6.2.1	रावी और व्यास जल अधिकरण	35
6.3.1	कावेरी जल विवाद अधिकरण	35-36
6.4.1- 6.4.2	कृष्णा जल विवाद अधिकरण	36
6.5.1	वंशधारा जल विवाद अधिकरण	36
6.6.1	महादायी जल विवाद अधिकरण	36
	स्वायत्त निकाय (सोसाइटीज):	37-41
6.7.1-6.7.6	राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण	37-38
6.8.1-6.8.12	राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान	38-41
	(i)	

	सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम:	**41-45**
6.9.1-6.9.8	जल एवं विद्युत परामर्शी सेवाएं (भारत) लिमिटेड	**41-44**
6.10.1-6.10.5	राष्ट्रीय परियोजना निर्माण निगम लिमिटेड	**44-45**
	अनुलग्नक	
I	2009-10 के दौरान कार्य निष्पादन	**46-63**
II	2010-11 के दौरान कार्य निष्पादन	**64-79**
III	त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम और राष्ट्रीय परियोजना के संबंध में सूचना	**80-81**
IV	XIवीं योजना के परिव्यय की तुलना में जल संसाधन मंत्रालय के बजट का ब्यौरा दर्शाने वाला विवरण	82

कार्यकारी सार

इस मंत्रालय का परिणाम बजट 2011-2012 वित्त मंत्रालय द्वारा जारी दिशानिर्देशों में निहित व्यापक प्रारूप के अनुसार तैयार किया गया है । इस बजट में वित्त वर्ष 2009-10 में वास्तविक निष्पादन दर्शाते हुए वित्त बजट के वास्तविक पक्षों वित्त वर्ष 2010-2011 के प्रथम 9 माह तथा 2011-12 के दौरान लक्षित निष्पादन को रेखांकित किया गया है । इस बजट में मंत्रालय के विभिन्न पहलुओं को समाहित करते हुए निम्नलिखित अध्याय हैं:-

अध्याय	शामिल पहलू
I	यह मंत्रालय के कार्यों, संगठनात्मक ढांचा, आयोजना और नीतिगत ढांचे तथा मंत्रालय द्वारा क्रियान्वित किए जा रहे कार्यक्रमों/स्कीमों का संक्षिप्त परिचय देता है । संक्षेप में भारत सरकार में जल संसाधन मंत्रालय जल के एक राष्ट्रीय संसाधन के रूप में समग्र विकास, संरक्षण और प्रबंधन तथा विभिन्न जल प्रयोगों के समन्वय सहित इस संबंध में समग्र राष्ट्रीय परिदृश्य और समन्वय हेतु नीतिगत दिशानिर्देश तैयार करने के लिए जिम्मेदार है। केन्द्रीय मंत्री, राज्य मंत्री तथा सचिव के नियंत्रणाधीन मंत्रालय प्रशासन स्कन्ध, समन्वय स्कन्ध, वित्त स्कन्ध और नौ विषयगत स्कन्धों के अंतर्गत गठित है । इस मंत्रालय के दो संबद्ध कार्यालय, सात अधीनस्थ कार्यालय, सात सांविधिक निकाय, दो स्वायत्त निकाय (सोसायटीज) और दो सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम हैं । ग्यारहवीं योजना अवधि के लिए इस मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित/मॉनीटर किए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों/स्कीमों के अंतर्गत गतिविधियों को 15 केन्द्रीय क्षेत्र, और 05 राज्य क्षेत्र स्कीमों (सी ए डी एवं डब्ल्यू एम की एक केन्द्र प्रायोजित स्कीम 2008-09 से राज्य क्षेत्र में डाल दी गई है) में मिला दिया गया है ।
II	इसमें सारणीबद्ध प्रारूप है जिसे बजट प्राक्कलन 2011-2012 के विवरण (एसबीई) के "ऊर्ध्वाधर संक्षेपण और क्षैतिज विस्तार" के रूप में देखा जा सकता है । इसका मुख्य उद्देश्य (वित्तीय) बजट 2011-2012 और परिणाम बजट 2011-2012 के बीच क्रमवार सामंजस्य स्थापित करना है। इस ब्यौरे में वित्तीय परिव्यय, प्रक्षेपित परिणाम और प्रक्षेपित/बजटीय परिणाम (मध्यम, आंशिक और अंतिम, जैसा भी मामला हो) शामिल हैं ।
III	इसमें मंत्रालय द्वारा किये गये सुधार उपाय और नीतिगत कार्यों तथा सार्वजनिक निजी भागीदारी, वैकल्पिक वितरण तंत्र, सामाजिक और लिंग सशक्तीकरण प्रक्रिया व्यापक विकेन्द्रीकरण, पारदर्शिता इत्यादि जैसे क्षेत्रों में अंतरवर्ती परिणाम और अंतिम परिणामों से किस तरह इन्हें जोड़ा जाये, का विवरण दिया गया है ।
IV	इसमें अंतर के कारणों से वास्तविक निष्पादन का स्कीमवार विश्लेषण; अलग-अलग कार्यक्रमों/स्कीमों के क्षेत्र और उद्देश्यों की व्याख्या, 2009-10 के दौरान तथा 2010-11 की तीसरी तिमाही तक वास्तविक लक्ष्य और उपलब्धियों का ब्यौरा दर्शाया गया है।
V	इसमें हाल के वर्षों में बजट अनुमानों और संशोधित अनुमानों की तुलना में व्यय की समग्र प्रवृत्तियों को समाहित करते हुए वित्तीय समीक्षा दी गई है । इस अध्याय में राज्यों और कार्यान्वयन अभिकरणों के पास बकाया उपयोगिता प्रमाणपत्रों और खर्च न हुई बकाया राशि की स्थिति का ब्यौरा दिया गया है ।

VI इस अध्याय में इस मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन सांविधिक/स्वायत्त निकायों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के निष्पादन की समीक्षा दी गई है ।

2. मंत्रालय ने 1987 में राष्ट्रीय जल नीति अपनाई और इसे बाद में संशोधित कर दिया गया । संशोधित राष्ट्रीय जल नीति प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में राष्ट्रीय जल संसाधन परिषद द्वारा 1 अप्रैल, 2002 को इसकी 5वीं बैठक में अपनाई गई ।

3. जल संसाधन मंत्रालय का संबद्ध कार्यालय केन्द्रीय जल आयोग मुख्य केन्द्रों पर जलवैज्ञानिक प्रेक्षणों से संबंधित विशिष्ट गतिविधियां, अभिज्ञात परियोजनाओं, विशेषत: पूर्वोत्तर क्षेत्र में, का सर्वेक्षण और अन्वेषण, जल संसाधन परियोजनाओं की आयोजना, डिजाइन और मूल्यांकन तथा बाढ़ पूर्वानुमान में राज्यों की सहायता करता है । केन्द्रीय जल आयोग अपने विभिन्न मानीटरिंग निदेशालयों और क्षेत्र संरचनाओं के माध्यम से चयनित चालू वृहद, मध्यम और विस्तार, पुनरूद्धार एवं आधुनिकीकरण (ईआरएम) सिंचाई परियोजनाओं की सामान्य मानीटरिंग करता है । आयोग, मुख्य रूप से त्वरित सिंचाई् लाभ कार्यक्रम (एआईबीपी) और कमान क्षेत्र विकास एवं जल प्रबंधन स्कीमों के अंतर्गत केन्द्रीय सहायता प्राप्त कर रही वृहद, मध्यम और चुनिंदा लघु सिंचाई परियोजनाओं के कार्यान्वयन की मानीटरिंग करता है । मानीटरिंग के एक भाग के रूप में सी डब्ल्यू सी के अधिकारियों द्वारा नियमित आधार पर इन परियोजनाओं का दौरा किया जाता है । इस कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न कार्यकलापों की मानीटरिंग करने के लिए इस मंत्रालय के कमान क्षेत्र विकास स्कंध के अधिकारियों द्वारा कमान क्षेत्र विकास परियोजनाओं का भी दौरा किया जाता है ।

4. जल संसाधन मंत्रालय के एक अधीनस्थ कार्यालय, केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड के मुख्य कार्यकलापों में भू जल प्रबंधन अध्ययन, भूजल प्रबोधन, भूभौतिकी अध्ययन, अन्वेषणात्मक ड्रिलिंग, कृत्रिम पुनर्भरण और वर्षा जल संचयन अध्ययन, दूर संवेदी अध्ययन, जल गुणवत्ता विश्लेषण, अल्पकालिक जल आपूर्ति, अन्वेषण, भूजल विकास का विनियमन, जन जागरूकता और प्रशिक्षण कार्यक्रम आदि शामिल हैं ।

5. संबंधित क्रियान्वयन अभिकरणों के साथ नियमित आवधिक व्यय समीक्षा बैठकों के माध्यम से मंत्रालय द्वारा विभिन्न केन्द्रीय क्षेत्र स्कीमों के संबंध में वित्तीय और वास्तविक प्रगति की मानीटरी की जाती है । राज्य क्षेत्र स्कीमों के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए राज्य के जल संसाधन/सिंचाई/बाढ़ नियंत्रण सचिवों के साथ बैठकें की जाती हैं ।

6. मंत्रालय के अंतर्गत अन्य संगठन जैसे केन्द्रीय मृदा और सामग्री अनुसंधानशाला, केन्द्रीय जल और विद्युत अनुसंधान केन्द्र, राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान अन्य बातों के साथ-साथ जल संसाधन क्षेत्र में अनुसंधान और विकास कार्यकलापों में जुटे हुए हैं ।

7. सूचना, शिक्षा तथा संचार स्कीम के अंतर्गत, सामूहिक तौर पर जल संसाधनों

के अधिकतम विकास तथा प्रबंधन के महत्व के बारे में विभिन्न लक्ष्य, समूहों के बीच जागरूकता लाने की दृष्टि से मंत्रालय और इसके संगठनों के जन जागरूकता कार्यकलाप कार्यान्वित किए जाते हैं। एक समिति, कार्यकलापों का प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करने तथा समय पर उपचारी उपाय और सुधारात्मक कार्रवाई करने के लिए समय समय पर मीडिया योजना की समीक्षा करती है ।

8. विभाग और मंत्रालय द्वारा जल संसाधन विकास स्कीम के अन्वेषण की नियमित रूप से निगरानी की जाती है । वास्तविक प्रगति सहित वित्तीय प्रगति की निगरानी प्रति माह की जाती है । इस संबंध में प्रगति के बारे में आम जनता को अवगत कराने के लिए संबंधित संगठनों को संबंधित वेबसाइटों पर वास्तविक/ वित्तीय लक्ष्यों की तुलना में उपलब्धि के ब्यौरों को प्रस्तुत करना तथा इसे नियमित रूप से अद्यतन करना अपेक्षित है।

अध्याय -1

मंत्रालय/विभाग के कार्यों, संगठनात्मक ढांचे के संबंध में संक्षिप्त परिचयात्मक टिप्पण, मंत्रालय/विभाग द्वारा क्रियान्वित किए गए प्रमुख कार्यक्रम/स्कीमों की सूची, इसका अधिदेश, लक्ष्य और नीतिगत ढांचा

परिचय

1.1 जल संसाधन मंत्रालय, जल के विभिन्न उपयोग में समन्वय स्थापित करने के साथ ही राष्ट्रीय संसाधन के रूप में जल के पूर्ण विकास, संरक्षण और प्रबंधन, तथा इससे संबंधित संपूर्ण राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य और समन्वय स्थापित करने के लिए उत्तरदायी है ।

1.2 **कार्य नियमों के आबंटन के अनुसार इस मंत्रालय के कार्य इस प्रकार हैं ;**

1) राष्ट्रीय संसाधन के रूप में जल का विकास, संरक्षण और प्रबंधन; जल के विविध उपयोगों के संबंध में जल आयोजना का समग्र राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य तथा समन्वय ।
2) राष्ट्रीय जल संसाधन परिषद ।
3) सामान्य नीति, तकनीकी सहायता, अनुसंधान और विकास प्रशिक्षण तथा बहुउद्देशीय, वृहद, मध्यम, लघु तथा आपातिक सिंचाई कार्यों सहित सिंचाई से संबंधित सभी मामले; नौवहन तथा जलविद्युत के लिए हाइड्रोलिक संरचनाएं; नलकूप तथा भूजल अन्वेषण तथा दोहन; भूजल संसाधनों की सुरक्षा तथा परिरक्षण; सतही और भूजल का संयुक्त उपयोग, कृषि प्रयोजन के लिए सिंचाई, जल प्रबंधन, कमान क्षेत्र विकास; जलाशय एवं जलाशय अवसादन का प्रबंधन; बाढ़ (नियंत्रण) प्रबंधन, जल निकास, सूखारोधन; जल जमाव और समुद्र- तट कटाव समस्याएं; बांध सुरक्षा ।
4) अंतर्राज्यीय नदियों तथा नदी घाटियों का विनियमन और विकास । स्कीमों, नदी बोर्डों के माध्यम से अधिकरणों के पंचाटों का कार्यान्वयन ।
5) जल कानून, विधान ।
6) जल गुणवत्ता आकलन ।
7) केन्द्रीय जल इंजीनियरी सेवा (समूह क) का संवर्ग नियंत्रण एवं प्रबंधन ।
8) जल संसाधन विकास तथा प्रबंधन, जल निकास और बाढ़ नियंत्रण से संबंधित अंतर्राष्ट्रीय संगठन, आयोग तथा सम्मेलन ।
9) अंतर्राष्ट्रीय जल कानून ।
10) भारत तथा पड़ोसी देशों की साझी नदियों से संबंधित मामले, बांग्लादेश के साथ संयुक्त नदी आयोग, सिन्धु जल संधि 1960; स्थाई सिन्धु आयोग ।
11) जल संसाधन विकास के क्षेत्र में द्विपक्षीय तथा बाह्य सहायता एवं सहयोग कार्यक्रम ।

1.3 मंत्रालय के उपर्युक्त कार्य इसके निम्न संगठनों/संस्थाओं द्वारा किए जाते हैं :

संबद्ध कार्यालय

1. केन्द्रीय जल आयोग
2. केन्द्रीय मृदा एवं सामग्री अनुसंधानशाला

अधीनस्थ कार्यालय

1. केन्द्रीय जल एवं विद्युत अनुसंधान केन्द्र
2. केन्द्रीय भूमिजल बोर्ड
3. फरक्का बैराज परियोजना
4. गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग
5. बाण सागर नियंत्रण बोर्ड
6. सरदार सरोवर निर्माण सलाहकार समिति
7. ऊपरी यमुना नदी बोर्ड

सांविधिक निकाय

1. ब्रह्मपुत्र बोर्ड
2. बेतवा नदी बोर्ड
3. नर्मदा नियंत्रण प्राधिकरण
4. तुंगभद्रा बोर्ड
5. रावी और व्यास जल अधिकरण
6. कावेरी जल विवाद अधिकरण
7. कृष्णा जल विवाद अधिकरण
8. वंशधारा जल विवाद अधिकरण
9. महादायी जल विवाद अधिकरण

स्वायत्त निकाय (सोसाइटी)

1. राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण
2. राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान

सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम

1. जल एवं विद्युत परामर्शी सेवा (भारत) लिमिटेड
2. राष्ट्रीय परियोजना निर्माण निगम लिमिटेड

1.4 यह मंत्रालय 2010-11 के दौरान 15 केन्द्रीय क्षेत्र, और 5 राज्य क्षेत्र स्कीमों का कार्यान्वयन और निगरानी कर रहा है । नीचे केन्द्रीय क्षेत्र स्कीमों का संक्षिप्त सिंहावलोकन दिया गया है :

1.4.1 जल संसाधन सूचना प्रणाली का विकास : इस स्कीम का उद्देश्य एक जल संसाधन प्रणाली का विकास करना और इसे शीघ्रतिशीघ्र प्रचालनात्मक बनाना है । जल संसाधनों का प्रबंधन एक अत्यधिक जटिल कार्य है जिसमें आंकड़ा प्राप्ति, अंकीय मॉडलिंग, इष्टतमीकरण, आँकड़ा वेयर हाउसिंग और सामाजिक-आर्थिक, पर्यावरणीय और विधिक मुद्दों सहित बहुविषयक क्षेत्र शामिल हैं। मानव जीवन में जल की महत्वपूर्ण भूमिका को ध्यान में रखते हुए जल प्रणालियों के बेहतर डिजाइन और अधिकतम उपयोग किए जाने की आवश्यकता है । इस संबंध में एक युक्तिसंगत विश्लेषण किया जाना चाहिए जो कि इस दृष्टिकोण पर आधारित हो कि सभी संबंधित कारणों और प्रभावों पर विचार किया जाए और विभिन्न विकल्पों का क्रमबद्ध मूल्यांकन किया जाए । जल संसाधन सूचना प्रणाली संसाधनों का अधिकतम उपयोग करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है ।

1.4.2 जल विज्ञान II परियोजना : 1995-2003 की अवधि के दौरान प्रारंभ जल विज्ञान परियोजना, चरण-I (एच पी-I) का उद्देश्य जल वैज्ञानिक सूचना प्रणाली (एच आई एस) के विकास हेतु संस्थानिक व्यवस्थाओं, तकनीकी क्षमताओं तथा सुविधाओं में सुधार करना था। एच पी-I, के अनुवर्तन स्वरूप जल संसाधनों की आयोजना तथा प्रबंधन से संबंधित सार्वजनिक तथा निजी सभी संभावित प्रयोक्ताओं द्वारा एच आई एस के निरंतर एवं प्रभावी उपयोग का विस्तार एवं संवर्धन करने के उद्देश्य से जल विज्ञान परियोजना चरण-II (एच पी-II) आरंभ की गई है जिससे 13 राज्यों तथा 8 केंद्रीय अभिकरणों में बढ़ी हुई उत्पादकता तथा लागत प्रभावी जल संबंधी निवेशों में वृद्धि हुई।

1.4.3 जल संसाधन विकास स्कीम का अन्वेषण : इसमें दो संघटक उदाहरणार्थ " एन डब्ल्यू डी ए द्वारा नदी संपर्क प्रस्तावों का अन्वेषण " तथा "सी डब्ल्यू सी द्वारा जल संसाधनों/बहु उद्देशीय स्कीमों का अन्वेषण" शामिल हैं। इस स्कीम का उद्देश्य सर्वेक्षण, क्षेत्र अन्वेषण, जल के अंतरबेसिन अंतरण संबंधी स्कीमों तथा उपरोक्त प्रयोजनों को प्राप्त करने के लिए आकस्मिक, अनुपूरक अथवा प्रेरक माने जाने वाले अन्य अध्ययनों तथा क्रियाकलापों को करने सहित विभिन्न जल संसाधन विकास स्कीमों की व्यवहार्यता पूर्व/व्यवहार्यता रिपोर्ट (एफआरएस) और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआरएस) तैयार करने से संबंधित क्रियाकलापों को करना है। हाल ही में सीडब्ल्यूसी द्वारा ग्यास्पा एवं बुरसर परियोजना की डीपीआर और अंत:राज्यीय संपर्कों की डीपीआर को तैयार करना, स्कीम के अंतर्गत शामिल किया गया है ।

1.4.4 जल क्षेत्र के लिए अनुसंधान और विकास कार्यक्रम : इस स्कीम के उद्देश्य हैं - (i) देश की जल संसाधन संबंधी समस्याओं का व्यावहारिक समाधान ढूंढ़ना और मौजूदा सुविधाओं की कुशलता में सुधार करने के लिए उपलब्ध प्रौद्योगिकी और अभियंत्रण विधियों में सुधार करना तथा प्रक्रियाओं, विशेषकर, अनुसंधान अध्ययनों को शुरू करना, (ii) अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी से सामंजस्य बनाये रखने के लिए राष्ट्र स्तरीय प्रमुख संगठनों/संस्थाओं की अनुसंधान सुविधाओं का सृजन करना/ उनका उन्नयन करना, और (iii) जल क्षेत्र में विभिन्न संस्थाओं द्वारा शुरू किए जाने वाले अनुसंधान कार्य में सहायता करना ।

1.4.5 राष्ट्रीय जल अकादमी : इस स्कीम में ऐसे क्रियाकलाप शामिल होंगे जो कि जल संसाधन विकास विशेषकर एकीकृत नदी बेसिन आयोजना और प्रबंधन के क्षेत्र में राज्य और केन्द्रीय संगठनों में जल संसाधन पेशवरों के प्रशिक्षण से संबंधित हैं ।

1.4.6 सूचना, शिक्षा और संचार : इस स्कीम के मुख्य उद्देश्य हैं - (i) किफायती जल उपायों को अपनाये जाने के लिए राष्ट्रीय जल नीति के सिद्धांतों को बढ़ावा देना, (ii) लोगों के बीच में उपलब्ध जल को उचित ढंग से इस्तेमाल करने की आवश्यकता के संबंध में जागरूकता फैलाना, (iii) जल की वर्तमान और भावी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए वर्षा जल संचयन और भूजल के कृत्रिम पुनर्भरण संबंधी उपायों को अपनाये जाने की आवश्यकता के संबंध में जागरूकता फैलाना, (iv) जल संतुलन बनाये रखने और लोगों की जल संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने में पारंपरिक जल निकायों के महत्व पर जोर देना, (v) जल के संरक्षण को एक जन अभियान बनाना तथा नागरिकों को जल बचाने संबंधी विभिन्न उपायों को स्वैच्छिक रूप से अपनाने के लिए प्रेरित करना ।

1.4.7 नदी बेसिन संगठन/प्राधिकरण : इस स्कीम का उद्देश्य बेसिन और सभी पणधारियों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए जल संसाधनों के विकास और उपयोग हेतु इष्टतम विधि का पता लगाने हेतु आवश्यक अध्ययन, मूल्यांकन इत्यादि शुरू करने के लिए सभी सह बेसिन राज्यों के लिए एक मंच उपलब्ध कराना है।

1.4.8 अवसंरचना विकास : इस स्कीम में भूमि और भवन तथा सूचना और प्रौद्योगिकी विकास से संबंधित क्रियाकलाप शामिल हैं तथा इसमें विशेष रूप से निम्न से संबंधित क्रियाकलाप शामिल होंगे, (i) केन्द्रीय जल आयोग की भूमि और भवन, (ii) सीजीडब्ल्यूबी की भूमि और भवन, (iii) जल संसाधन मंत्रालय का सूचना प्रौद्योगिकी विकास और (iv) केन्द्रीय जल आयोग के कम्प्यूटरीकरण और सूचना प्रणाली का उन्नयन और आधुनिकीकरण ।

1.4.9 बांध सुरक्षा अध्ययन और आयोजना : इस स्कीम में बांध सुरक्षा संगठन के बांध सुरक्षा और अवसंरचना सुदृढ़ीकरण से संबंधित आवश्यक अध्ययन शुरू करने की योजना है ।

1.4.10 **भूजल प्रबंधन और विनियमन** : इस स्कीम के मुख्य उद्देश्य निम्नवत हैं :

- भूजल प्रबंधन अध्ययन करना;
- भूजल की संभावना वाले क्षेत्रों का पता लगाने के लिए ड्रिलिंग द्वारा सहायता प्राप्त भूजल अन्वेषण करना;
- देश के भूजल संसाधनों का आवधिक रूप से आकलन करना और प्रविधि को संशोधित/अद्यतन करना;
- भूजल प्रेक्षण कुओं के माध्यम से भूजल स्तरों और गुणवत्ता की निगरानी करना;
- क्षेत्र विशिष्ट आधारित प्रविधियों को विकसित/अद्यतन करने के लिए प्रदर्शनात्मक कृत्रिम पुनर्भरण और वर्षा जल संचयन अध्ययन करना;
- भूजल संबंधी आंकड़ों के भंडारण, प्रक्रमण और प्रचार-प्रसार के लिए आंकड़ा भंडारण और सूचना-प्रणाली स्थापित/अद्यतन करना;
- राज्य सरकारों के समन्वय से भूजल विकास को विनियमित और नियंत्रित करना;

- क्षमता वाले जलभृतों का पता लगाने और भूजल अन्वेषण और कृत्रिम पुनर्भरण इत्यादि संबंधी उपयुक्त स्थलों को विनिर्दिष्ट करने के लिए सतही और उप-सतही विधियों के माध्यम से भूभौतिकी अध्ययन करना;
- भूजल अध्ययनों के लिए बेंच मार्क प्रविधियों को स्थापित करने के दृष्टिकोण से राज्य सरकारों के साथ समन्वय करना;
- जागरूकता और जल गुणवत्ता संबंधी जानकारी को बढ़ावा देना;
- भूजल की बचत और बंटवारे के पहलुओं पर वैज्ञानिक संस्थाओं के साथ संपर्क विकसित करना;
- कृषि, औद्योगिक और संबद्ध प्रयोजनों संबंधी उपयोग सहित विभिन्न प्रकार के उपयोगों के लिए उपयुक्तता निर्धारित करने के वास्ते भूजल गुणवत्ता का आकलन करना;
- योजनाकारों और प्रशासकों द्वारा उपयोग किए जाने के लिए रिपोर्टें, नक्शे, भूजल एटलस और विवरणिकाएं तैयार करना।

1.4.11 **राजीव गांधी प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान** : इस स्कीम में भूजल संसाधनों की आयोजना, अन्वेषण, विकास, प्रबंधन, संवर्धन, संरक्षण और परिरक्षण के संबंध में भूजल कार्मिकों के ज्ञान और कौशल का संगठन और उन्नयन करने के लिए आधार उपलब्ध कराने संबंधी क्रियाकलाप शामिल होंगे ।

1.4.12 **पगलादिया बांध परियोजना** : इस स्कीम का मुख्य उद्देश्य असम के नलबारी क्षेत्र में 40,000 हेक्टेयर क्षेत्र को पगलादिया नदी की बार-बार आने वाली बाढ़ से बचाने तथा वार्षिक रूप से (औसतन) 54,160 हेक्टेयर के सकल कमान क्षेत्र को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिए बांध और नहर प्रणाली का निर्माण करना है । तथापि, असम सरकार द्वारा जिरात सर्वेक्षण के पूरा न होने समेत विभिन्न मुद्दों के कारण कार्य शुरू नहीं हो सका है तथा स्कीम के मूल्यांकन हेतु इएफसी को अभी सूचित नहीं किया गया है ।

1.4.13 **बाढ़ पूर्वानुमान** : इस स्कीम का उद्देश्य भारत में बाढ़ पूर्वानुमान और अंतर्वाह पूर्वानुमान को सुदृढ़ करना और पूर्वानुमान सूचना प्रणाली को विकसित करना है ।

1.4.14 **सीमावर्ती क्षेत्रों में बाढ़ प्रबंधन क्रियाकलाप** : अंतर्राष्ट्रीय नदियों के संबंध में शामिल अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों को ध्यान में रखते हुए, नदी प्रबंधन क्रियाकलापों को क्रमबद्ध ढंग से प्राथमिकता के आधार पर किया जाता है जिसमें जल वैज्ञानिक प्रेक्षण, अन्वेषण और जहां कहीं आवश्यक हो वहां पड़ोसी राज्यों के सहयोग से आवश्यक बाढ़ नियंत्रण उपाय शामिल हैं । हाल ही में बिहार में कोसी में दरार को बंद करने, इच्छामती नदी के तलकर्षण को शामिल करके स्कीमों में उन्नयन का प्रस्ताव रख गया है तथा सचिव (वित्त) की अध्यक्षता में हुई बैठक में इस पर विचार किया गया है ।

1.4.15 **फरक्का बैराज परियोजना** : फरक्का बैराज परियोजना का मुख्य उद्देश्य बैराज की सुरक्षा के लिए कटावरोधी उपायों सहित फरक्का बैराज और संबंधित संरचनाओं का प्रचालन और रखरखाव है ।

अध्याय - II

परिव्ययों और परिणामों/लक्ष्यों का विवरण : वार्षिक योजना परिणाम 2011-12

(करोड़ रूपये)

क्र.सं	स्कीम/ कार्यक्रम का नाम	उद्देश्य/परिणाम	वार्षिक योजना 2011 -12 का अनुमोदित परिव्यय	मात्रात्मक सुपुर्दगियां/ वास्तविक परिणाम	अनुमानित परिणाम	प्रक्रियाएं/समय सीमा	अभ्युक्तियां
1	2	3	4	5	6	7	8
1	जल संसाधन सूचना प्रणाली का विकास	(क) वाटरशेड एटलस का निर्माण और 1:50000 के पैमाने पर देश की वेब सक्षम जल संसाधन सूचना प्रणाली का विकास (ख) जल गुणवत्ता आकलन प्राधिकरण को सहायता उपलब्ध कराना और जल गुणवत्ता आकलन के लिए अभिज्ञात	59.00	(क) जल संसाधन सूचना प्रणाली (डब्ल्यूआरआईएस) वेबसाइट का 30 जीआईएस परतों के साथ विस्तार/अद्यतन किया जाएगा। (ख) 878 जलवैज्ञानिक प्रेक्षण स्थलों के लिए आंकड़ों का प्रेक्षण और अन्य जल संबंधी आंकड़ों का एकत्रीकरण जारी रहेगा। (ग) हिम प्रेक्षण, जी एवं डी स्थलों पर दीर्घावधि आंकड़ों को एकत्र करना और स्नो मेल्ट रन ऑफ मॉडलों का विकास। (घ) निगरानी उद्देश्यों के लिए परियोजनाओं	(क) बेसिनवार जल वर्ष पुस्तिका तैयार करना (ख) चौथी लघु सिंचाई गणना रिपोर्ट प्रकाशित करना और पांचवी लघु सिंचाई गणना हेतु तैयारी करना (ग) इंडिया डब्ल्यूआरआईएस के लिए वेबसाइट का विस्तार/अद्यतन।	वर्ष भर कार्यकलाप को जारी रखा जाना है ।	

		अध्ययनों/कार्यक्रम का कार्यान्वयन करना। (ग) प्रभावी जल प्रबंधन एवं इष्टतम उपयोग, विशेषकर जल की कमी वाले मौसम के दौरान, नीचे नदी में वर्फ के पिघलने से आने वाले जल के आकलन के यमुना एवं चेनाब बेसिन के लिए स्नो मेल्ट रन ऑफ मॉडल विकसित करना। (घ) जल गुणवत्ता आंकड़ों को एकत्र करना एवं उनका प्रकाशन (ङ) समग्र जल संसाधन आकलन के लिए जल वैज्ञानिक प्रेक्षण केन्द्रों के नेटवर्क से आंकड़े संग्रहीत करना और इनकी विशेषताओं के लिए इनका विश्लेषण करना		के विभिन्न दौरे। (ङ) चौथी लघु सिंचाई गणना की रिपोर्ट प्रकाशित करना और पांचवी लघु सिंचाई गणना हेतु तैयारी करना।			

		(च) एआईबीपी एवं सीएडी परियोजनाओं सहित पूरे देश में चयनित चालू वृहद, मध्यम एवं ईआरएम सिंचाई परियोजनाओं की निगरानी (छ) चौथी लघु सिंचाई गणना					
2	जल विज्ञान परियोजना फेज-।।	13 राज्यों और 8 केन्द्रीय अभिकरणों में जल संसाधन आयोजना और प्रबंधन से संबंधित सभी कार्यान्वयन अभिकरणों द्वारा जल वैज्ञानिक सूचना प्रणाली के स्थायी और प्रभावी उपयोग को बढ़ाना और प्रोत्साहित करना ।	80.00	जलविज्ञान परियोजना फेज-।। के अंतर्गत 4 मुख्य परामर्शियों की सहायता से परियोजना घटकों का कार्यान्वयन अर्थात संस्थागत सुदृढ़ीकरण, जलवैज्ञानिक डिजाइन सहायक सहित ऊर्ध्वाधर विस्तार डीएसएस-आयोजना,डीएसएस-रीयल टाइम तथा प्रयोजन मूलक अध्ययन	(क) कार्यान्वयन अभिकरणों के बीच विनिमय के लिए उन्नत आंकड़ा सुलभता (ख) एकीकृत जल संसाधन आयोजना तथा प्रबंधन के लिए उन्नत उपस्कर (ग) बाढ़ और सूखे के प्रबंधन के लिए उन्नत आंकड़ा प्रणाली तथा उपस्कर ।	केन्द्रीय अभिकरणों अर्थात पीसीएस (जल संसाधन मंत्रालय) बीबीएमबी, सीडब्ल्यूसी, सीजीडब्ल्यूबी, सीडब्ल्यूपीआरएस, सीपीसीबी और एनआईएच के माध्यम से परियोजना जून, 2012 तक कार्यान्वित की जायेगी ।	
3	भूजल प्रबंधन और विनियमन	(i) भूजल प्रबंधन योजना तैयार करने के लिए एकीकृत भूजल प्रबंधन	120	▪ भूजल प्रबंधन अध्ययन- 1.50 लाख वर्ग किलोमीटर	विकास और प्रबंधन अध्ययनों को पुन:अभिमुख करने के लिए जोर दिए जाने	एक वर्ष	मार्च,2012 तक हासिल कर लिया जाएगा ।

		अध्ययन (ii) वैज्ञानिक साधनों अर्थात दूरसंवेदी और जीआईएस का उपयोग करते हुए भूजल अन्वेषण, भूजल की संभावना वाले क्षेत्रों का पता लगाने के लिए ड्रिलिंग द्वारा सहायता प्राप्त भूभौतिकीय सर्वेक्षण (iii) भूजल निगरानी केन्द्रों से भूजल स्तरों की निगरानी (iv) केन्द्र/राज्य सरकार के विभागों के लिए स्रोत अन्वेषण के वास्ते अल्पकालिक जल आपूर्ति अन्वेषण (v) भूमि जल अन्वेषण और कृत्रिम पुनर्भरण अवसंरचनाओं तथा जलभृत्तों का पता लगाने के लिए स्थलों का चयन करने हेतु भू-भौतिक		▪ भूजल अन्वेषण - 800 कुएं ▪ भूजल प्रेक्षण कुओं की निगरानी - 15640 ▪ अल्पकालिक जल आपूर्ति अन्वेषण - आवश्यकता आधारित (~300) ▪ भूभौतिकी सर्वेक्षण वीईएस- 2000 वेल लागिंग-आवश्यकता आधारित ▪ जल नमूनों का जल रसायनिक विश्लेषण- 20000 जल नमूने ▪ जिला रिपोर्ट- 40 ▪ भूमि जल वार्षिक पुस्तके- 23 ▪ राज्य रिपोर्टे 8 ▪ अधिसूचित क्षेत्रों में भूमि जल विकास का विनियमन	वाले क्षेत्रों में भूमि जल प्रबंधन योजनाएं उपलब्ध कराना । क्षमतावान जलभृत्तों और उनके उत्पादन का चित्रण भूमि जल परिप्रेक्ष्य का आकलन रक्षा तथा अन्य संगठनों हेतु ऐसे जल स्रोतों का पता लगाना जिनसे जलापूर्ति में वृद्धि हो। क्षमतावान जलभृत्तों तथा कुओं के स्थलों का चयन विविध उपयोगों हेतु भूमि जल गुणवत्ता का विश्लेषण ------- भूमि जल की बेहतर	एक वर्ष एक वर्ष एक वर्ष एक वर्ष एक वर्ष एक वर्ष जारी	

		अध्ययन (vi) भूमि जल गुणवत्ता के आकलन के लिए रसायनिक अध्ययन (vii) योजनाकारों और प्रशासकों द्वारा उपयोग किए जाने के लिए रिपोर्ट, नक्शे तैयार किया जाना (viii) सीजीडब्ल्यूए द्वारा भूमि जल विनियमन (ix) राज्य सरकार और अन्य अभिकरणों द्वारा भूमि जल के कृत्रिम पुनर्भरण हेतु प्रदर्शनात्मक परियोजना ताकि उसे प्रतिवलित किया जा सके।		▪ कृत्रिम पुनर्भरण अध्ययन (नए)- ओई/गंभीर/शहरी क्षेत्र आदि परियोजनाएं शामिल करना ▪ पिछले वर्षों के अध्ययनों को जारी रखना	निगरानी हेतु भूमि जल की कमी वाले क्षेत्रों को अधिसूचित करना एआर और आरडब्ल्यूएच के माध्यम से भूमि जल का स्थायी प्रबंधन	2-3 वर्ष	
4	जल संसाधन विकास	नदी संपर्क प्रस्ताव, विस्तृत परियोजना रिपोर्टें	54.00	(क) राज्य सरकारों द्वारा यथा प्रस्तावित अंतरबेसिन जल अंतरण संपर्क की शेष 8 (2+6) एफआर रिपोर्ट और अंत: राज्यीय	(क) राज्य सरकारों में यथा प्रस्तावित अंत:राज्यीय संपर्कों की	जल अंतरण संपर्क परियोजना रिपोर्टों की जांच/तैयारी का कार्य	प्रायद्वीपीय/ हिमालयी घटक के

	स्कीमों का अन्वेषण	(डीपीआर), व्यवहार्यता रिपोर्टें (एफआर) तैयार करने और अंत:राज्यीय संपर्क प्रस्तावों की व्यवहार्यता पूर्व रिपोर्टों की तैयारी तथा उपर्युक्त उद्देश्यों को प्राप्त करने हेतु संयोगिक, पूरक अथवा प्रेरक समझे जाने वाले कार्यों के संबंध में सर्वेक्षण, क्षेत्र अन्वेषण से जुड़े कार्यकलाप करना ।		पीएफआर/एफआर/डीपीआर तैयार करना जारी रहेगा । (ख) पार-तापी-नर्मदा और दमनगंगा-पिंजाल संपर्क (दिसम्बर, 2011 तक कार्य जारी रखने का लक्ष्य) हेतु सर्वेक्षण, क्षेत्र अन्वेषण और विस्तृत परियोजना रिपोर्टें (डीपीआर) तैयार करना । (ग) आईबीडब्ल्यूटी परियोजना के अन्वेषण का कार्य जारी रखना ।	8 एफआर, 2 डीपीआर और पीएफआर/डीपीआर तैयार करना । (ख) आईबीडब्ल्यूटी परियोजना के अन्वेषण का कार्य जारी रखना ।	एक वर्ष से अधिक अवधि में किया जाता है तथा बाद के वर्षों में चला जाता है।	अंतर्गत विभिन्न अंतरबेसिन/ अंत:राज्यीय संपर्कों की डीपीआर की तैयारी हेतु संबंधित राज्यों की सहमति अपेक्षित है। पड़ोसी देशों के क्षेत्र में सर्वेक्षण एवं अन्वेषण करने के लिए उनकी अनुमति भी अपेक्षित है।
5	जल क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास कार्यक्रम	स्कीम में जल संसाधन क्षेत्र में अनुसंधान व विकास से जुड़े विभिन्न कार्य शामिल हैं । ये कार्य जल विज्ञान, हाइड्रोलिक्स, मृदा और सामग्री विज्ञान के क्षेत्र में राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान जैसे अग्रणी अनुसंधान संस्थानों द्वारा कार्यान्वित किए जा रहे	46.19	स्कीम के कार्यान्वयन से क्षमता निर्माण और अतिरिक्त सुविधाएं सृजित करने में सहायता मिलेगी । अनुसंधान परिणाम सामान्यतया तकनीकी रिपोर्टें और अनुसंधान पत्र होते हैं जिनमें आयोजना और डिजाइन हेतु बेहतर तकनीक की सिफारिशें होती हैं । मात्रात्मक सुपुर्दगियां इस प्रकार है- अनुसंधान/तकनीकी रिपोर्टें - 307 अनुसंधान पत्र - 275 प्रशिक्षण एवं कार्यशालाएं - 30	-------	कार्य, मंत्रालय के विभिन्न संगठनों द्वारा कार्यान्वित किया जाना है।	

		हैं ।					
6	राष्ट्रीय जल अकादमी	इंजीनियरों/इंडक्शन इंजीनियरों को जल संसाधन आयोजना, विकास और प्रबंधन में सेवाकालीन प्रशिक्षण	3.00	क) 37 प्रशिक्षण कार्यक्रम ख) तरणताल व्यायामशाला का निर्माण ग) 2 कक्षाओं, 1 कंप्यूटर प्रयोगशाला का निर्माण, कृष्णा छात्रावास का विस्तार घ) एचपी -II के अंतर्गत टाइप II, III,IV और V आवासीय क्वार्टरों का निर्माण ।	-------	क) 37 प्रशिक्षण कार्यक्रम मार्च, 2012 तक पूरे किए जाने हैं ख) मार्च, 2012 तक पूरा किया जाना है । ग) मार्च, 2012 तक पूरा किया जाना है । घ) मार्च, 2012 तक पूरा किया जाना है ।	
7	राजीव गांधी राष्ट्रीय भूजल प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान	सीजीडब्ल्यूबी तथा अन्य केन्द्रीय/राज्य सरकार के संगठनों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भूमि जल पहलुओं के संबंध में प्रशिक्षण	3.00	32 प्रशिक्षण पाठ्यक्रम	भूमि जल अन्वेषण, विकास तथा प्रबंधन तकनीकों और प्रशासनिक मामलों व प्रबंधन पहलुओं के विषय में पेशेवरों व उप-पेशेवरों का क्षमता निर्माण	एक वर्ष	मार्च, 2012 तक पूरा किया जाएगा ।
8	सूचना शिक्षा और संचार	जल के महत्व और इसके संरक्षण की आवश्यकता के बारे में लोगों के बीच जानकारी सृजित करना।	25.00	1.इलैक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से दूरदर्शन, आकाशवाणी और निजी टी वी और रेडियो चैनलों पर जल संरक्षण संबंधी आडियो/वीडियो स्पॉट चला रक प्रचार करना (5 महीने) 2. इन्टरनेट साईट जैसे फेसबुक, ट्विटर इत्यादि के माध्यम से सामाजिक एवं जन संचार द्वारा जन जागरूकता लाना 3. कार्यशालाओं/सेमिनारों का संचालन और भागीदारी करना (50 कार्यक्रम) 4. समाचार पत्रों, पत्रिकाओं इत्यादि सहित प्रिंट माध्यम से प्रचार करना 5. विज्ञापन,	जल संरक्षण और प्रबंधन पर जोर देते हुए जल संसाधन क्षेत्र के संबंध में प्रचार और जागरूकता फैलाना।	पूरे वर्ष कार्यकलाप चलाये जाएंगे	

				मुद्रित सामग्री का मुद्रण और वितरण करना 6.परंपरावादी मीडिया, नुक्कड़ नाटकों, कठपुतली तमाशें इत्यादि द्वारा अभियान चलाना 7. विद्यार्थियों के लिए कार्यक्रमों अर्थात वाद-विवाद, चित्रकला/प्रश्नमंच प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन करना. 8.जन संचार यातायात वाहनों द्वारा प्रचार करना . 9. हवाई अड्डों, बस स्टापों, रेलवे स्टेशनों इत्यादि जैसे विशेष स्थानों पर चित्र लगाना 10.अधिक आवाजाही के स्थानों जैसे प्रगति मैदान इत्यादि पर प्रदर्शनी लगाना 11. वृत्तचित्रों, लघु फिल्मों, कार्टून फिल्मों, आडियों/वीडियो स्पाट तैयार करना और इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से इन्हें दिखाया जाना (2 फिल्में) 12. विशेष दिनों जैसे विश्व जल दिवस, जल संसाधन दिवस को मनाया जाना 13.सिंचाई मंत्रियों/प्रधान सचिवों/जल संबधी मंत्रालयों के सचिवों के साथ सेमिनार, कार्यशालाओं का आयोजन करना (2 कार्यक्रम) 14.जल क्षेत्र से संबंधित मुद्दों हेतु जागरूकता फैलाने के लिए हाफ मैराथन का आयोजन करना 15. देश के विभिन्न भागों में विभिन्न जन जागरूकता कार्यक्रमों तथा जल प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 16. केंद्रीय भूमि जल बोर्ड/केंद्रीय जल आयोग द्वारा देश के विभिन्न भागों में जल यात्रा का आयोजन करना, 17. देश के 35 राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में विद्यालय स्तर, राज्य स्तर तथा राष्ट्रीय स्तर पर चित्रकला प्रतिस्पधाओं			

				का आयोजन करना 18.सम्मेलन/कार्यशालाओं/जन जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन के लिए चैंबर आफ कामर्स/प्रसिद्ध संगठनों को सहायता अनुदान/वित्तीय सहायता जारी करना, 19. सार्वजनिक संगठनों, किसान संगठनों, पंचालतों इत्यादि के सशक्तीकरण के लिए कार्यक्रमों का आयोजन करना 20. XIIवीं योजना के दौरान आईईसी गतिविधियां के कार्यान्वयन और भविष्य की आयोजना हेतु मीडिया परामर्शदाताओं को नियुक्त करना।			
9	पगलादिया बांध परियोजना	बाढ़ नियंत्रण, सिंचाई और अनुषंगी विद्युत उत्पादन	0.01	विद्यमान स्थान पर अभी कोई क्रियाकलाप नहीं किया गया है। तथापि, ब्रह्मपुत्र बोर्ड विद्यमान स्थल के प्रतिप्रवाह मं वैकल्पिक स्थल खोज रहा है। परियोजना हेतु सृजित संपत्ति संबंधी केवल अनुसंधान एवं रखरखाव कार्य सीमित कर्मचारियों द्वारा किया जाता है।	परियोजना का कार्यान्वयन करने से 54,160 हे. अतिरिक्त सिंचाई और 40,000 हे. भूमि पर बाढ़ नियंत्रण कार्य किया जा सकेगा।	ब्रह्मपुत्र बोर्ड द्वारा क्रियाकलाप कार्यान्वित किए जाने हैं।	
10	फरक्का बैराज परियोजना	(क) पोषक नहर, जांगीपुर बैराज आदि सहित फरक्का बैराज परियोजना और इसके अनुषंगी संरचनाओं का रखरखाव (ख) मुख्य बैराज के किनारे नदी को नियंत्रित करने के लिए गंगा नदी और इसकी वितरिकाओं से लगे तटबंधों की सुरक्षा के	70.40	(क) पोषक नहर, जांगीपुर बैराज आदि सहित फरक्का बैराज परियोजना और इसके अनुषंगी संरचनाओं का रखरखाव और स्पेयर गेटों का अधिप्राप्ति आदि। (ख) एफबीपी के बढ़े हुए अधिकार क्षेत्र में गंगा- पदमा नदी के साथ-साथ फरक्का बैराज के 40 किमी प्रति प्रवाह से 80 किमी अनुप्रवाह तक कटाव नियंत्रण कार्य शुरू किए जाएंगें ताकि भूमि/फसलों, बागों सार्वजनिक भवनों इत्यादि की सुरक्षा की जा	फरक्का और जांगीपुर बैराजों/गेटों का प्रचालन एक जारी रहने वाला क्रियाकलापों। कटाव नियंत्रण कार्यों से भूमि, फसलों, भवनों आदि को बचाया जाएगा जो प्रतिवर्ष उच्च बाढ़ के कारण कटाव से प्रभावित होती है।	फरक्का बैराज परियोजना द्वारा क्रियान्वित किए जाने वाले अभिज्ञात क्रियाकलाप। क्रियाकलाप वर्ष भर जारी रहेंगे।	

		लिए कटावरोधी कार्य		सके।	टीएसी द्वारा चालू कार्यों के अतिरिक्त 5 नए कटावरोधी कार्यों को किए जाने की अनुशंसा की है ।		
11	बांध सुरक्षा अध्ययन और आयोजना	1. यंत्रीकरण प्रदर्शन केंद्र का गठन करना 2. बांध सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर अध्ययन और सिंधु और कृष्णा बेसिन तथा गंगा और ब्रह्मपुत्र बेसिनों के लिए पीएमपी एटलस तैयार करना और डिजीटाइजेशन करना और बांध सुरक्षा आश्वासन एवं पुनर्वास परियोजना के तहत एचएसओ द्वारा तैयार किए गए एटलसों का उन्नयन करना।. 3. व्यवसायिक सेवाओं के अंतर्गत पर्यावरणीय एवं सामाजिक आकलन (ईएसए) अध्ययन करना। 4. व्यवसायिक सेवाओं के अंतर्गत अभिज्ञात परियाजनाओं हेतु जोखिम विश्लेषण अध्ययन और अन्य विशेषीकृत अध्ययन	3.00	यंत्रीकरण प्रदर्शन केंद्र के लिए नमूनों/निर्धारित स्थलों का अधिप्राप्ति सामान्यीकृत पीएमपी एटलसें तैयार करना और उनका डिजिटीकरण। गंगा बेसिन, ब्रह्मपुत्र बेसिन के लिए परामर्शदाता और पीएमपी एटलसों का उन्नयन करना । मुल्ला पेरियार बांध संबंधी अधिकार प्राप्त समिति । बांध सुरक्षा संबंधी विभिन्न अंतर्देशीय प्रशिक्षण देना	--------	यंत्रीकरण प्रदर्शन केंद्र हतु नमूने-फिक्सचरों की अधिप्राप्ति-3/2012 सामान्य पीएमपी एटलसों को तैयार करना और डिजीटीकरण करना, गंगा और ब्रह्मपुत्र बसिनों के लिए परामर्शदाताओं से संपर्क करना और पीएमपी एटलसों का उन्नयन करना-3/2012 इ मुल्ला पेरियार बांध संबंधी अधिकारप्राप्त समिति का गठन करना-3/2012 बांध सुरक्षा संबंधी विभिन्न अंतर्देशीय प्रशिक्षण देना3/2012	

		करना। 5. बांध सुरक्षा गतिविधियों संबंधी विशेष प्रयोजन पैकेजों का प्रशिक्षण एवं विकास					
12	नदी बेसिन संगठन/प्राधिक रण	महानदी और गोदावरी बेसिन के सबंध में नदी बेसिन संगठन का गठन	4.00	गतिविधियों को प्रारंभ करने के लिए मामले को राज्य सरकार के साथ उठाया जाना है।	-------	-------	
13	बाढ़ पूर्वानुमान	स्थानीय प्रशासन को 175 केन्द्रों पर समय से पूर्वानुमान प्रदान करने के लिए 20 नदी बेसिनों को शामिल करते हुए केन्द्रीय जल आयोग द्वारा देशभर में जल वैज्ञानिक प्रेक्षण स्थलों के नेटवर्क का रखरखाव करना।	36.00	वास्तविक समय आंकड़ों का संग्रह, इसका विश्लेषण और बाढ़ पूर्वानुमान जारी करना। प्रत्येक वर्ष लगभग 6000 बाढ़ पूर्वानुमान जारी किये जाते हैं।	बाढ़ से होने वाली क्षति को कम करने के लिए आयोजना गतिविधियों में मदद करने की दृष्टि से आने वाली बाढ़ की अग्रिम चेतावनी । 2011-12 के दौरान 123 टेलीमेट्री केंद्रों की संस्थापना का कार्यक्रम है।	कार्य को वर्ष 2011-12 के दौरान केंद्रीय जल आयोग द्वारा कार्यान्वित किया जाएगा।	
14	नदी प्रबंधन गतिविधियाँ और सीमावर्ती क्षेत्रों से संबंधति कार्य	साझी/सीमावर्ती नदियों पर नदी प्रबंधन कार्यों के अतिरिक्त पड़ोसी देशों के साथ जल संसाधन परियोजनाओं एवं जल वैज्ञानिक प्रेक्षण और अन्वेषण । ब्रह्मपुत्र बोर्ड	188.00	(i) बंगलादेश के साथ गंगा नदी पर संयुक्त जल वैज्ञानिक प्रेक्षण जारी रखना, एवं (ii) संयुकत विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) की तैयारी (iii)माजुली द्वीप समूह काकटाव-रोधी एवं बाढ़ सुरक्षा कार्य (iv) पड़ोसी देशों से/को बाढ़ संबंधी आंकड़ों का संप्रेषण (v) साझी/ सीमा नदियों पर	बार-बार आने वाली बाढ़ समस्याओं को करना। वर्ष 2011-12 के दौरान 18 स्थलों पर भारत बंगलादेश सीमा पर तट संरक्षण कार्य किए जाएंगे । ये कार्य त्रिपुरा	इसे सीडब्ल्यूसी, जीएफसीसी, ब्रह्मपुत्र बोर्ड और बिहार, उत्तर प्रदेश, त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल और जम्मू एवं कश्मीर की राज्य सरकारों द्वारा	*नेपाल के क्षेत्र में कार्यों की प्रगति नेपाल में कानून और व्यवस्था की स्थिति पर

		द्वारा बाढ़ नियंत्रण, कटावरोधी एवं जल निकास विकास कार्य। कोसी एवं गंडक परियोजनाओं (नेपाल में) के बाढ़ सुरक्षा कार्यों का रखरखाव		विकास कार्य । (vi) बंगलादेश के साथ अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर इच्छामती नदी का अवसादन करना	और पश्चिम बंगाल क्षेत्र में हैं ।	कार्यान्वित किया जाएगा।	निर्भर करेगी।
15	अवसंरचना विकास	जल संसाधन मंत्रालय एवं इसके संबद्ध / अधीनस्थ कार्यालयों भूमि एवं इमारत की व्यवस्था एवं जल संसाधन मंत्रालय, केन्द्रीय जल आयोग एवं केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड में आईटी प्लान का कार्यान्वयन ।	28.40	(क) केन्द्रीय जल आयोग एवं सीजीडब्ल्यूबी के लिए कार्यालय एवं आवासीय इमारतों का निर्माण एवं अन्य गतिविधियां (ख) सीडब्ल्यूसी, सीजीडब्ल्यूबी और मंत्रालय (खास) के लिए हार्डवेयर, साफ्टवेयर की अधिप्राप्ति और एक रूप वेब सक्षम सूचना एवं प्रबंधन प्रणाली का विकास	इन क्रियाकलापों से कार्य के वातावरण में गुणवत्तापरक वृद्धि होगी जिससे कार्य क्षमता में वृद्धि होगी।	ये गतिविधियां केन्द्रीय जल आयोग, केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड और जल संसाधन मंत्रालय के अन्य संगठनों द्वारा कार्यान्वित की जानी है ।	
16	कमान क्षेत्र विकास एवं जल प्रबंधन कार्यक्रम	किसानों की सामाजिक-आर्थिक दशा सुधारने के लिए जल उपयोग दक्षता एवं प्रति इकाई भूमि से फसल का उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने के उद्देश्य से किसानों के खेतों तक सिंचाई जल की पर्याप्त वितरण	500.00 (प्रस्तावित)	(i) 0.35 मि. हे. के ओएफडी कार्य (फील्ड चैनल एवं भूमि समतलीकरण क्षेत्र सीमाओं को आकृति एवं पुन: संरेखन करना) (ii) 0.140 मि. हे. फील्ड, मध्यम एवं संपर्क वाहिकाएं (iii) 0.026 मिलियन हेक्टेयर में 4.25 क्यूमेक तक की क्षमता वाली प्रणालियों में प्रणालीगत कमियों में सुधार।	सृजित क्षमता एवं प्रयुक्त क्षमता के बीच के अंतर को समाप्त करने के लिए (क) खेत विकास कार्य (ओएफडी) करना (ख) सहभागिता सिंचाई प्रबधन (पीआईएम) का कार्यान्वयन करना (ग) आवाजाही की कमियों में	राज्य सरकार द्वारा कार्यकलापों को जारी रखा जाएगा और परियोजना कार्यान्वयन किया जाएगा।	

		प्रणाली विकसित करना			सुधार करना और (घ) जल गृसित, लवणीय और क्षारीय भूमि का सुधार करना।		
17	त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम	(क) अतिरिक्त सिंचाई क्षमता सृजित करने एवं (ख) इन परियोजनाओं से परिकल्पित लाभ लेने की दृष्टि से निर्माण की अंतिम अवस्था में चल रही सिंचाई/बहुउद्देश्यीय परियोजनाओं को पूरा करना जो कि राज्य सरकार की इन्हें समयबद्ध रूप से पूरा करने में संसाधन क्षमता से परे हैं ।	14000.00 (प्रस्तावित))	1.05 मि. हे. सिंचाई क्षमता का सृजन करने का लक्ष्य है तथा 15 वृहद/मध्यम परियोजनाओं को पूरा करने का लक्ष्य है।	1.05 मि. हे. सिंचाई क्षमता का सृजन किया जाना है तथा 15 वृहद/मध्यम परियोजनाओं को पूरा किया जाना है।	पूरे वर्ष गतिविधियाँ जारी रखी जानी है।	
18	जल निकायों की मरम्मत, नवीकरण और पुनरूद्धार	जल निकायों की भंडारण क्षमता को बहाल करना और संवर्धन करना और उनकी सिंचाई क्षमता को पुन: प्राप्त करना और बढ़ाना।	550.00 (प्रस्तावित)	दिशानिर्देशों के अनुसार राज्य सरकारों को निधियाँ जारी करना। परियोजनाओं का समवर्ती मूल्यांकन पहले ही कर लिया गया है।	वर्ष 2011-12 के दौरान 3000 जल निकायों का पुनरूद्धार पूरा करना। जल निकायों की आरआरआर स्कीम के अंतर्गत वित्तीय सहायता प्रदान करना।	स्कीमें जारी रखी जा रही हैं।	
19	बाढ़ पुन: स्थापन और	ओवर साईट परियोजना से संबंधित कार्यकलाप	5.00 (प्रस्तावित)	केंद्रीय जल आयोग में केंद्रीय परियोजना मानीटरिंग एकक स्थापित करने हेतु लागत	-------	स्कीम हेतु ईएफसी स्वीकृति प्राप्त की	

	सुधार कार्यक्रम	करना तथा ड्रिप परियोजना का समन्वय करना जिसमें केरल, मध्य प्रदेश, उड़ीसा और तमिलनाडु में 223 वर्तमान बांधों की पुन:स्थापना करने केंद्रीय जल आयोग में केंद्रीय स्तर की बांध सुरक्षा का संस्थागत सुदृढ़ीकरण करने की परिकल्पना की गई है।		की पूर्ति का प्रावधान किया गया है। यह प्रावधान केवल घरेलू घटक (20%) हेतु किया गया है क्योंकि बकाया (80%) अंश विश्‍व बैंक से एक के बाद एक वित्त सहायता के रूप में लिया जाएगा।		जानी है।	
20	बाढ़ प्रबंधन कार्यक्रम	देश में गंभीर क्षेत्रों में नदी प्रबंधन, बाढ़ नियंत्रण, कटावरोधी, जल विकास निकास, बाढ़ रोधी कार्यों के लिए विभिन्न राज्य सरकारों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना।	2500.00 (प्रस्तावित)	(i) गंभीर क्षेत्रों में बाढ़ प्रबंध कार्य (ii) गंगा और ब्रह्मपुत्र बेसिन राज्यों के संबंध में बाढ़ प्रबंधन और कटाव नियंत्रण पर कार्यबल-2004 द्वारा सुझाए गए कटावरोधी कार्य, जल निकास विकास कार्य आदि (iii) तटवर्ती राज्यों में तटीय कटाव संबंधी कार्य। (iv) चुनिंदा खंडों में नदी सेक्शनों की गाद हटाना/खुदाई।	इन क्रियाकलापों से बाढ़, नदी तट कटाव और तटीय कटाव के कारण होने वाली क्षति में कमी लाने में सहायता मिलेगी 86 एफएमपी सहायता प्राप्त बाढ़ प्रबंधन कार्य पूरे किए जाएंगे।	एफएमपी के अंतर्गत स्कीमों हेतु राज्यों को केंद्रीय सहायता उनके द्वारा उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर जारी की जाएगी। केंद्रीय सहायता जारी करने के संबंध में सचिव (व्यय) की अध्यक्षता वाली समिति द्वारा नए प्रस्तावों पर विचार किया जाएगा।	

अध्याय- III

सुधारात्मक उपाय और नीतिगत प्रयास

3.1 जलवायु परिवर्तन संबंधी राष्ट्रीय कार्य योजना में आठ राष्ट्रीय मिशनों के सांस्थानीकरण की परिकल्पना की गई है जिसमें अन्य बातों के साथ साथ "राष्ट्रीय जल मिशन" शामिल है। जल संसाधन मंत्रालय द्वारा एक परामर्शी प्रक्रिया द्वारा तैयार किये गए राष्ट्रीय जल मिशन संबंधी व्यापक मिशन दस्तावेज पर जलवायु परिवर्तन संबंधी प्रधानमंत्री परिषद द्वारा विचार किया गया है और जलवायु परिवर्तन संबंधी प्रधानमंत्री परिषद द्वारा 28.05.2010 को आयोजित की गई इसकी बैठक में इस पर सिद्धांतत: अनुमोदन दे दिया गया है।

3.2 राष्ट्रीय जल नीति की समीक्षा करना एक महत्वपूर्ण प्रयास है। इस संबंध में राष्ट्रीय जल नीति की समीक्षा करने के लिये जल संसाधन संबंधी संसदीय स्थायी समिति, जल संसाधन मंत्रालय के लिये परामर्शदात्री समिति और जल संरक्षण एवं प्रबंधन संबंधी संसदीय फोरम के माननीय सदस्यों के साथ परामर्शी बैठक नई दिल्ली में 28 जुलाई, 2010 को आयोजित की गई थी। शिक्षाविदों, विशेषज्ञों और पेशेवरों के साथ एक गहन विचार-विमर्श सत्र भी नई दिल्ली में 26 अक्तूबर, 2010 को आयोजित किया गया था। राष्ट्रीय जल नीति के संबंध में गैर-सरकारी संगठनों के साथ एक परामर्शी बैठक 11-12 जनवरी, 2011 को आयोजित की गई थी।

3.3 **नदियों को परस्पर जोड़ने संबंधी कार्यक्रम** : सह-बेसिन राज्यों की सहमति के बाद अंतर्राज्यीय संपर्कों की डीपीआर तैयार करने के लिये राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण (एनडब्ल्यूडीए) का अधिदेश एनडब्ल्यूडीए सोसाइटी की चौथी विशेष आम बैठक में अनुमोदित किया गया है। सक्षम प्राधिकारी द्वारा (क) अंतर्राज्यीय संपर्कों की डीपीआर, (ख) सीडब्ल्यूसी द्वारा हिमाचल प्रदेश की ग्यासपा और जम्मू एवं कश्मीर की बरसर की डीपीआर को शामिल करने के लिये एनडब्ल्यूडीए और सीडब्ल्यूसी के कार्यक्षेत्र में विस्तार करने हेतु संशोधित ईएफसी को अनुमोदित कर दिया गया है।

3.4 **बांध सुरक्षा विधेयक :** बांध सुरक्षा अधिनियम के अधिनियमन के लिये कार्रवाई शुरू की गई है जिसमें देश में बांधों की उचित निगरानी, जांच, प्रचालन एवं रखरखाव की प्रक्रिया निर्धारित की जाएगी।

बांध सुरक्षा विधेयक लोक सभा में 30.8.2010 को लाया गया और जल संसाधन संबंधी स्थायी समिति को जांच के लिये भेजा गया है।

3.5 तीस्ता, फेनी और कुछ अन्य साझा नदियों के जल के बंटवारे के संबंध में कार्य योजना बनाने के लिये भारत और बांगलादेश के बीच सचिव स्तरीय बैठक आयोजित की गई थी।

अध्याय - IV

विगत निष्पादन की समीक्षा

4.1 वर्ष 2009-10 के दौरान निष्पादन तथा 2010-11 के निष्पादन (पहले निर्धारित लक्ष्यों के संबंध में) संबंधी संगत सूचना **अनुलग्नक -I** और **अनुलग्नक - II पर दी गई है।**

4.2 इस मंत्रालय का एक मुख्य कार्यक्रम 'त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम' और 'राष्ट्रीय परियोजना' है। इसके ब्यौरे **अनुलग्नक - III** में दिये गये हैं।

अध्याय - V

समग्र वित्तीय समीक्षा

5.1 XIवीं योजना परिव्यय सहित जल संसाधन मंत्रालय बजट (निधि के स्कीमवार आबंटन की तुलना में व्यय की प्रवृत्ति) के ब्यौरे **अनुलग्नक - IV** पर दर्शाये गये हैं।

वित्त वर्ष 2010- 11 में व्यय का रूझान :

5.2 वर्ष 2010-11 के लिए इस मंत्रालय की वार्षिक योजना के लिए बजट प्राक्कलन 700.00 करोड़ रूपये है जिसे वित्त मंत्रालय द्वारा संशोधित प्राक्कलन में कम करके 560.00 करोड़ रूपये कर दिया गया था। लेखा नियंत्रक के कार्यालय से प्राप्त व्यय संबंधी ब्यौरे के अनुसार, जनवरी, 2011 तक 430.90 करोड़ रूपये का व्यय किया गया है जो 10-11 के बजट प्राक्कलन/संशोधित प्राक्कलन के संबंध में क्रमश: 61.56% और 76.95% है।

5.3 वित्त वर्ष 10-11 के लिए जल संसाधन मंत्रालय का अनुदान 4 क्षेत्रों में वर्गीकृत किया जाता है। विभिन्न क्षेत्रों के तहत दिसम्बर, 2010 तक अनुमोदित योजना परिव्यय (ब.प्रा./सं.प्रा. दोनो) तथा व्यय का क्षेत्रवार वितरण संक्षेप में इस प्रकार है:

(रूपये करोड़ में)

क्षेत्र	ब.प्रा. 2010-11	सं.प्रा. 2010-11	जनवरी, 2011 तक व्यय
वृहद एवं मध्यम सिंचाई	251.00	181.60	142.99
लघु सिंचाई	116.50	91.40	76.74
बाढ़ नियंत्रण	250.50	225.00	171.08
परिवहन क्षेत्र	82.00	62.00	39.83
स्थानान्तरण के लिए प्रविष्टि प्रतीक्षित	0.00	0.00	0.26
कुल	**700.00**	**560.00**	**430.90**

बजट एक झलक

5.4 जल संसाधन क्षेत्र में, केन्द्रीय बजट से जल संसाधन मंत्रालय और इसके संबद्ध संगठनों को राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में अनिवार्य रूप से क्रियान्वित स्कीमों, परियोजनाओं और कार्यक्रमों के संबंध में समग्र मार्गदर्शन और समन्वय की भूमिका निभाने में सहयोग मिलता है। फरक्का बराज परियोजना एक ऐसी परियोजना है जो कि मुख्यत: नौवहन परियोजना है, परन्तु यह मंत्रालय के अधीन है क्योंकि इसमें कौशल और विविध क्षेत्र शामिल होते हैं और यह मंत्रालय के क्षेत्र के भीतर अन्य हाइड्रोलिक परियोजनाओं की भांति है। जल संसाधन विकास के संबंध में मंत्रालय की भूमिका आयोजना, मार्गदर्शन, नीतिनिरूपण और सहायता की होती है।

5.5 चंकि 'जल' राज्य का विषय है इसलिए केन्द्र की भूमिका अनिवार्यत: कार्यक्रमों के कार्यान्वयन में उत्प्रेरक स्वरूप की होती है। इसलिए केन्द्र सरकार के बजट को विभिन्न राज्य सरकारों के बजटों में प्रदान की गई निधियों द्वारा बढ़ाया जाता है।

5.6 मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित की जा रही विभिन्न योजना स्कीमें निम्नानुसार है :

केन्द्रीय क्षेत्र

1. जल संसाधन सूचना प्रणाली का विकास
2. जल विज्ञान परियोजना
3. जल संसाधन विकास का अन्वेषण
4. अनुसंधान और विकास कार्यक्रम
5. राष्ट्रीय जल अकादमी
6. सूचना, शिक्षा और संचार
7. बांध सुरक्षा अध्ययन और आयोजना
8. नदी बेसिन संगठन/प्राधिकरण
9. भूमि जल प्रबंधन और विनियमन
10. राजीव गांधी एनजीडब्ल्यूटीएण्डआरआई
11. बाढ़ पूर्वानुमान
12. नदी प्रबंधन कार्यकलाप और सीमावर्ती नदियों से सवंबंधित कार्य
13. पगलादिया बांध परियोजना
14. अवसंरचना विकास
15. फरक्का बैराज परियोजना

राज्य क्षेत्र स्कीमें

16. त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम
17. जल निकायों की मरम्मत, नवीकरण और पुनरूद्धार
18. बांध पुनर्वास और सुधार कार्यक्रम
19. बाढ़ प्रबंधन कार्यक्रम
20. कमान क्षेत्र विकास कार्यक्रम

5.7 पिछले-2 वर्षों में आबंटित और घटित व्यय बजट दर्शाने वाला विवरण तुलनात्मक तालिका-क और ख में दी गई है । विभिन्न क्षेत्रों (तालिका क) के बीच निधि के आबंटन और जिस रूप में मंत्रालय का व्यय हुआ है (तालिका ख) के संबंध में मंत्रालय के बजट में उल्लेख किया गया है ।

5.8 बकाया उपयोग प्रमाण पत्रों के संबंध में ब्योरा तालिका 'ग' में दिया गया है।

तालिका - क

बजट एक दृष्टि में

(क्षेत्रवार)

(रूपये करोड़ में)

क्र. सं.	क्षेत्र/संगठन/ स्कीम	वास्तविक 2009-10		ब.प्रा. 2010-11		सं.प्रा. 2010-11		ब.प्रा. 2011-12		कुल ब.प्रा. 2011-12
		योजना	गैर-योजना	योजना	गैर-योजना	योजना	गैर-योजना	योजना	गैर-योजना	
1.	2.	3.	4.	5.	6.	7.	8.	9.	10.	11.
I.	**सचिवालय आर्थिक सेवाएं**									
1.	जल संसाधन मंत्रालय	0.00	27.51	0.00	24.52	0.00	56.63	0.00	57.17	57.17
2.	रावी-व्यास जल अधिकरण	0.00	1.17	0.00	1.04	0.00	0.90	0.00	0.97	0.97
3.	कावेरी जल विवाद अधिकरण	0.00	2.15	0.00	1.93	0.00	2.26	0.00	2.36	2.36
4.	कृष्णा जल विवाद अधिकरण	0.00	1.79	0.00	1.76	0.00	1.63	0.00	1.78	1.78
5.	वंशधारा जल विवाद अधिकरण	0.00	0.00	0.00	2.00	0.00	1.19	0.00	4.16	4.16
6.	महादयी जल विवाद अधिकरण	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.83	0.00	3.54	3.54
	कुल : सचिवालय आर्थिक सेवाएं	**0.00**	**32.62**	**0.00**	**31.25**	**0.00**	**63.44**	**0.00**	**69.98**	**69.98**
II.	**वृहद एवं मध्यम सिंचाई**									
	केंद्रीय जल आयोग									
1.	निर्देशन एवं प्रशासन	0.00	25.56	0.00	20.90	0.00	22.59	0.00	23.82	23.82
2.	आंकड़ा संग्रह	0.00	82.02	0.00	65.13	0.00	86.70	0.00	87.75	87.75
3.	प्रशिक्षण	0.00	0.38	0.00	0.32	0.00	0.33	0.00	0.35	0.35
4.	अनुसंधान	0.00	2.90	0.00	1.84	0.00	2.37	0.00	2.54	2.54
5.	सर्वेक्षण एवं अन्वेषण	0.00	9.52	0.00	5.02	0.00	5.54	0.00	5.69	5.69
6.	परामर्शी	0.00	25.45	0.00	18.84	0.00	22.23	0.00	23.83	23.83
7. 8.	अंतर्राष्ट्रीय निकायों का अंशदान जल पर जल संसाधन संबंधी सेमिनार एवं सम्मेलन	0.00	0.00	0.00	0.01	0.00	0.01	0.00	0.01	0.01
9.	प्रदर्शनी एवं व्यापार मेला	0.00	0.14	0.00	0.01	0.00	0.10	0.00	0.09	0.09
10.	उपस्कर का आधुनिकीकरण सीडब्ल्यूसी आफसेट प्रेस	0.00	0.32	0.00	0.24	0.00	0.27	0.00	0.29	0.29
11.	बाह्य सहायता प्राप्त परियोजनाओं की मानीटरी के लिए प्रकोष्ठ	0.00	0.63	0.00	0.65	0.00	0.98	0.00	1.04	1.04
12.	जल आयोजना स्कंध	0.00	1.38	0.00	1.06	0.00	1.86	0.00	2.06	2.06

क्र. सं.	क्षेत्र/संगठन/ स्कीम	वास्तविक 2009-10		ब.प्रा. 2010-11		सं.प्रा. 2010-11		ब.प्रा. 2011-12		कुल ब.प्रा. 2011-12
		योजना	गैर-योजना	योजना	गैर-योजना	योजना	गैर-योजना	योजना	गैर-योजना	
1.	2.	3.	4.	5.	6.	7.	8.	9.	10.	11.
13.	चेनाब बेसिन में जल वैज्ञानिक प्रेक्षण	0.00	2.08	0.00	1.70	0.00	1.97	0.00	2.02	2.02
14.	राष्ट्रीय जल अकादमी	2.53	0.00	4.00	0.00	3.00	0.00	3.00	0.00	3.00
	कुलः केंद्रीय जल आयोग	**2.53**	**150.38**	**4.00**	**115.72**	**3.00**	**144.96**	**3.00**	**149.50**	**152.50**
15.	केंद्रीय मृदा सामग्री अनुसंधानशाला	0.00	7.63	0.00	5.92	0.00	7.80	0.00	8.31	8.31
16.	केंद्रीय जल एवं विद्युत अनुसंधानशाला	0.00	36.12	0.00	25.47	0.00	33.06	0.00	35.67	35.67
17.	राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान	0.00	10.04	0.00	6.50	0.00	9.80	0.00	8.50	8.50
18.	सरदार सरोवर निर्माण सलाहकार समिति	0.00	0.90	0.00	0.63	0.00	0.74	0.00	0.81	0.81
19.	बाण सागर नियंत्रण बोर्ड	0.00	0.21	0.00	0.20	0.00	0.23	0.00	0.24	0.24
20.	सतलज यमुना संपर्क नहर परियोजना	0.00	0.00	0.00	20.00	0.00	8.94	0.00	2.06	2.06
21.	ऊपरी यमुना नदी बोर्ड	0.00	0.53	0.00	1.82	0.00	1.82	0.00	1.90	1.90
22.	अनुसंधान एवं विकास कार्यक्रम	32.85	0.00	54.00	0.00	42.00	0.00	46.19	0.00	46.19
23.	जल संसाधन सूचना प्रणाली का विकास	63.10	0.00	66.00	0.00	41.42	0.00	58.94	0.00	58.94
24.	जल विज्ञान परियोजना	21.54	0.00	53.00	0.00	31.00	0.00	80.00	0.00	80.00
25.	जल संसाधन विकास स्कीमों का अन्वेषण	37.01	0.00	54.00	0.00	46.00	0.00	54.00	0.00	54.00
26.	सूचना, शिक्षा एवं संचार	10.85	0.00	15.00	0.00	14.10	0.00	25.00	0.00	25.00
27.	नदी बेसिन संगठन/प्राधिकरण	0.00	0.00	0.50	0.00	0.01	0.00	4.00	0.00	4.00
28.	बांध सुरक्षा अध्ययन एवं आयोजना	0.34	0.00	1.50	0.00	1.00	0.00	3.00	0.00	3.00
29.	अवसंरचना विकास	1.28	0.00	3.00	0.00	3.00	0.00	3.00	0.00	3.00
	कुल : वृहद एवं मध्यम सिंचाई	**169.50**	**205.81**	**250.93**	**176.26**	**181.53**	**207.35**	**277.13**	**206.99**	**484.12**
III.	**लघु सिंचाई**									
1.	केंद्रीय भूमि जल बोर्ड	0.00	108.81	0.00	98.31	0.00	102.29	0.00	105.02	105.02
2.	राजीव गांधी एनजीडब्ल्यूटीआर आई	1.78	0.00	6.00	0.00	3.40	0.00	3.00	0.00	3.00

क्र. सं.	क्षेत्र/संगठन/ स्कीम	वास्तविक 2009-10		ब.प्रा. 2010-11		सं.प्रा. 2010-11		ब.प्रा. 2011-12		कुल ब.प्रा. 2011-12
		योजना	गैर-योजना	योजना	गैर-योजना	योजना	गैर-योजना	योजना	गैर-योजना	
1.	2.	3.	4.	5.	6.	7.	8.	9.	10.	11.
3.	भूजल प्रबंधन एवं विनियमन	68.82	0.00	100.00	0.00	78.00	0.00	120.00	0.00	120.00
4.	जल संसाधन सूचना प्रणाली का विकास	0.00	0.00	0.00	0.00	0.07	0.00	0.06	0.00	0.06
5.	अवसंरचना विकास	2.15	0.00	10.50	0.00	10.00	0.00	11.40	0.00	11.40
	कुल : लघु सिंचाई	**72.75**	**108.81**	**116.50**	**98.31**	**91.47**	**102.29**	**134.46**	**105.02**	**239.48**
IV.	**बाढ़ नियंत्रण**									
	केंद्रीय जल आयोग									
1.	बाढ़ आंकड़ा संग्रह	0.00	65.35	0.00	53.77	0.00	69.76	0.00	72.39	72.39
2.	बाढ़ पूर्वानुमान एवं चेतावनी केंद्रों के रखरखाव के लिए भूटान सरकार को भुगतान	0.00	1.06	0.00	1.02	0.00	1.02	0.00	1.08	1.08
3.	ब्रह्मपुत्र एवं बराक बेसिन में बाढ़ पूर्वानुमान एवं जल वैज्ञानिक नेटवर्क का सुदृढ़ीकरण एवं आधुनिकीकरण	0.00	2.12	0.00	1.95	0.00	1.60	0.00	1.88	1.88
	कुल : केंद्रीय जल आयोग	**0.00**	**68.53**	**0.00**	**56.74**	**0.00**	**72.38**	**0.00**	**75.35**	**75.35**
4.	पूर्वी एवं पश्चिमी क्षेत्रों में आपातिक बाढ़ सुरक्षा उपाय	0.00	3.00	0.00	3.00	0.00	3.00	0.00	3.00	3.00
5.	पगलादिया बांध	0.00	0.00	0.50	0.00	0.01	0.00	0.01	0.00	0.01
6.	बाढ़ पूर्वानुमान	17.38	0.00	36.00	0.00	25.00	0.00	36.00	0.00	36.00
